खिलाड़ी की जीत से बढ़ता है सम्मान

संवाद न्यूज एजेंसी

खिलाड़ियों को मेडल देकर किया गया सम्मानित

हरिद्वार। उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय में चल रही तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन पर उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कुलपति ओमकार सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि संस्कृत विवि की खेल प्रतिभाएं लगातार आगे बढ़ रही हैं। एक खिलाड़ी की जीत से संबंधित शिक्षण संस्थान और देश-प्रदेश का सम्मान बढ़ता है। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि शिक्षा के साथ ही खेलों में उन्हें बढ़-चढकर प्रतिभाग करना चाहिए। क्योंकि, वह खेलों में भी बढ़-चढ़कर अपना अच्छा कॅरियर बना सकते हैं।

संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश चंद्र शास्त्री, विवि के वित्त नियंत्रक लखेंद्र गौथियाल ने भी विचार रखे। कहा, वॉलीबाल प्रतियोगता में श्रीविश्वनाथ संस्कृत महाविद्यालय उत्तरकाशी ने प्रथम, गरीबदासीय संस्कृत महाविद्यालय हरिद्वार ने द्वितीय और उत्तराखंड संस्कृत विवि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में गुरुकुल कैंपस देहरादून ने प्रथम, पंजाब सिंध क्षेत्र साधु महाविद्यालय ऋषिकेश ने द्वितीय और उत्तराखंड संस्कृत विवि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर कुलसचिव गिरीश कुमार अवस्थी, डॉ. लक्ष्मी नारायण जोशी, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, डॉ. प्रकाश पंत, डॉ. अरविंद नारायण मिश्र, डॉ. राम रत्न खंडेलवाल, डॉ. मीनाक्षी रावत, डॉ. बिंदुमति, डॉ. स्वेता आदि मौजूद रहे।